आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड) मंगलवार 17.12.2024

मुख्य समाचार :–

- एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये गए। विपक्ष ने विरोध जताते हुए इसे संविधान के मूल ढांचे पर हमला बताया।
- आपराधिक घटनाओं के त्वरित परीक्षण के लिए देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा और श्रीनगर के लिए फॉरेंसिक लैब वाहन रवाना।
- मुख्य सचिव ने राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में सोलर रूफटॉप पैनल लगाने के निर्देश दिए।
- देहरादून जिला प्रशासन ने बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति दी।

## विधेयक पेश

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये गए। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान (129वां) संशोधन विधेयक–2024 और केन्द्रशासित प्रदेश विधि (संशोधन) विधेयक–2024 सदन के पटल पर रखे। विधि मंत्री ने जैसे ही विधेयक सदन में पेश किए तो विपक्षी दलों ने मत विभाजन की मांग की। 269 सदस्यों ने विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में और 198 सदस्यों ने इसके विरोध में मत किया। कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, डीएमके, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने विधेयक पेश करने का विरोध किया और इसे संविधान के बुनियादी ढांचे पर प्रहार बताया। उन्होंने विधेयक जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मांग की। श्री मेघवाल ने विपक्षी दलों के आरोपों का खंडन किया और कहा कि ये विधेयक संविधान की मूल संरचना के खिलाफ नहीं है। उन्होंने विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव किया। देश के प्रथम विधि मंत्री डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर का वक्तव्य उद्धृत करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि कोई भी संविधान के संघीय ढांचे में परिवर्तन नहीं कर सकता।

## फ्लैग ऑफ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास से आज छह फॉरेंसिक लैब वाहनों का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों में ड्रग डिटेक्शन किट, एक्सप्लोजिव किट, डीएनए किट, साइबर सुरक्षा सॉफ़्टवेयर और अन्य उपकरण हैं। इन वाहनों को देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा और श्रीनगर भेजा जा रहा है, ताकि आपराधिक घटनाओं का त्वरित परीक्षण किया जा सके।

कॉर्बेट हेरिटेज जंगल सफारी

नैनीताल के रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज में एक नया पर्यटन जोन कार्बेट हेरिटेज जंगल सफारी खोला गया है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने सफारी जोन का उद्घाटन किया और कहा कि इससे रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

स्थानीय लोग और पर्यटन कारोबारी इस नयी सफारी से खुश हैं और इसे रोजगार के अवसर के रूप में देख रहे हैं।

लोकार्पण और शिलान्यास

पंचायतीराज मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र को 19 करोड़ 42 लाख रुपए की विकास योजनाओं की सौगात दी। आज आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने सड़क, शिक्षा, पंचायत और संस्कृति से जुड़ी कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस अवसर पर पंचयतीराज मंत्री ने कहा कि विकास की इन योजनाओं से चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 45 नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसमें गृह विभाग के 11 लैब असिस्टेंट और प्रांतीय रक्षक दल के 34 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी नव नियुक्तों को अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी से काम करने की सलाह दी।

निर्देश

राज्य की योजनाओं के समय पर पूरा न होने की स्थिति में लागत में वृद्धि को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने व्यय वित्त समिति में अनुमोदित सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने का आदेश दिया है। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में सोलर रूफटॉप पैनल लगाने की दिशा में तत्काल कार्यवाही करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। इसके अलावा, सभी स्कूलों और हॉस्टलों में भी सोलर पैनल लगाने के आदेश जारी किए गए हैं, ताकि ऊर्जा की बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा सके। बैठक में मुख्य सचिव ने संवेदनशील क्षेत्रों में मातृत्व मृत्यु दर को कम करने के लिए मेटरनल डेथ ऑडिट कराकर इन क्षेत्रों में अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती का निर्देश दिया।

## बैठक

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में महिला सशक्तीकरण और बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने कई नई योजनाओं को स्वीकृति दी, जिनका उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ऐसी योजनाओं पर काम करें जो भविष्य में समाज में बदलाव लाने वाली रोल मॉडल साबित हों। उन्होंने बालिकाओं के ड्रापआउट को लेकर प्रभावी सर्वेक्षण की आवश्यकता जताई और असुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्यवाही करने के लिए भी निर्देश दिए। इसके अलावा, 11वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण बालिकाओं को शैक्षिक भ्रमण और मोटिवेशनल मूवी दिखाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में कई जागरूकता कार्यक्रमों जैसे नुक्कड़ नाटक, वॉल पेंटिंग और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रचार सामग्री तैयार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, कामकाजी माताओं के लिए डे–केयर क्रैच सुविधाएं प्रदान करने की योजना भी बनाई गई, ताकि वे अपने बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक विकास को सुरक्षित वातावरण में सुनिश्चित कर सकें।

## मंजूरी

शासन ने चम्पावत जिले के जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पार्किंग, डायग्नोस्टिक विंग और ऑपरेशन थियेटर के निर्माण की सैद्धांतिक और वित्तीय स्वीकृति दी है। सचिवालय में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव ने उत्तरकाशी जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला को उप जिला चिकित्सालय के रूप में उच्चीकृत करने की योजना पर भी अनुमोदन दिया। इसके साथ ही, हरिद्वार जिले में उप जिला चिकित्सालय रूड़की में 50 बेड के

क्रिटिकल केयर ब्लॉक, बागेश्वर में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय का निर्माण और खानपुर में उप जिला चिकित्सालय के निर्माण कार्यों पर भी अनुमोदन दिया गया है।

## जौनपुर क्रीडा एवं सांस्कृतिक विकास महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी जिले के जौनपुर विकास खंड स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित जौनपुर क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास महोत्सव में हिस्सा लिया। महोत्सव को संस्कृति, खेल और परंपराओं को संजीवनी देने का अद्‌भुत प्रयास बताते हुए श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार संस्कृति, बोली और भाषा के संरक्षण के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जौनपुर को राजकीय मेला बनाने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने द्वारगढ़ से हिंगोती भद्रराज मंदिर तक छह किलोमीटर लंबा मोटर मार्ग बनाने और अगलाड़ थत्यूड़ से ठक्कर कुदाऊं होते हुए स्वेल चक तक 10 किलोमीटर मार्ग बनाने की घोषणा भी की। श्री धामी ने यह भी कहा कि गरखेत में स्थायी हैलीपेड बनाया जाएगा।

## वृहद स्वच्छता अभियान

चमोली जिले में राजकीय इंटर कॉलेज बैरंगना के इको क्लब ने 5 किलोमीटर पैदल मार्ग और माता सती अनसूया देवी के मंदिर परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में प्लास्टिक कचरे को एकत्रित और निस्तारित किया गया। इको क्लब के प्रभारी मनोज तिवारी ने बताया कि अभियान के जरिए छात्रों ने अनसूया देवी के मार्ग और मंदिर परिसर को प्लास्टिक कचरे से मुक्त किया।

## भूस्खलन

बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंदप्रयाग में भारी भूस्खलन से पिछले चार महीनों से यातायात अभी भी प्रभावित हो रहा है। मलबा हटाने के लिए एनएचआईडीसीएल ने 21 दिनों का समय मांगा है, और जिला प्रशासन ने यातायात डायवर्ट करने की अनुमति दी है।